# स्वीप कार्यक्रम से मतदाता होंगे जागरूक

## एक नजर

### रास्ता खुलवाने की मांग, स्कूली बच्चों के साथ धरने पर बैठे ग्रामीण

अलवर (कासं.)।

बानसूर के गांव चतरपुरा के आड़ी गैली में ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के साथ रास्ते पर अतिक्रमण होने पर स्कूली बच्चों के साथ रास्ते में ही फर्श बिछाकर बैठ गए। साथ ही रास्ते को खुलवाने की मांग करने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों ने तीन-चार दिन पहले स्कूल में जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया। इससे स्कूल जाने का रास्ता बंद हो गया। सोमवार सुबह स्कूल जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण होने पर ग्रामीण बच्चों के साथ रास्ते पर ही बैठ गए और रास्ता खुलवाने की मांग करने लगे। उन्होंने बताया कि यह रास्ता 50 साल से सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है और रास्ता खुलवाने को लेकर ग्राम पंचायत सरपंच को अवगत करवाया गया। लेकिन पिछले तीन चार दिन से सरपंच कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। इसको लेकर आज जब बच्चे स्कूल जाने लगे तो रास्ता बंद मिला। इस पर ग्रामीण और बच्चे धरने पर बैठ गए और रास्ता खुलवाने की मांग करने लगे।

सरपंच नीरज तोनगरिया ने बताया कि स्कूल जाने वाले रास्ते पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रास्ते को बंद कर दिया है। ग्रामीण और बच्चे रास्ते में ही बैठ गए और रास्ता खुलवाने की मांग कर रहे हैं। सूचना पर मौके पर पहुंचकर मौका देखा गया और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई है।

### उपहार सुपर मार्केट पर खाद्य सामग्री की खरीद पर लक्की ड्रॉ निकाला



बीकानेर(कासं.)।

बीकानेर सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार लि., बीकानेर के उपहार सुपर मार्केट जेएनवी कॉलोनी व केईएम रोड स्थित जनरल/खाद्य सामग्री की खरीद पर 1 जून 2023 से लक्की ड्रा स्कीम प्रारम्भ की गई जिसका ड्रा प्रति माह के प्रथम सोमवार को निकाला जाना है । स्कीम का ड्रा 3 जुलाई के प्रथम सोमवार को संभागीय आयुक्त नीरज.के. पवन एवं भंडार अध्यक्ष नगेन्द्रपाल सिंह शेखावत एवं महाप्रबंधक रणवीर सिंह के द्वारा भंडार के प्रधान कार्यालय विजय सहकार भवन श्रीगंगानगर रोड पर स्थित भण्डार कार्यालय में बीकानेर के गणमान्यजन महेन्द्र कुमार सैनी, राजवीर सिंह रामपुरा, रहमत अली, दुष्यंत सिंह तंवर, राजेश चावला, विमल शर्मा, महेन्द्र आचार्य, देवेन्द्र सिंह धमोरा एवं भूमि विकास बैंक सचिव वासुदेव सिंह भाटी व उपस्थित उपभोक्ताओं के समक्ष निकाला गया।

लक्की ड्रॉ कार्यक्रम में भंडार के उपाध्यक्ष, विनोद कुमार चौबदार, संचालक खेम सिंह, राहुल, दिलीप कुमार सेवग, सुरेन्द्र सिंह सारोठिया, चैन सिंह भाटी, बबीता शर्मा, कुसुम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### इन्डो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो, 2023 का आयोजन 5 से

जयपुर(कासं.)।

रफीक खान (विधायक) अध्यक्ष राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री का लगभग 150 प्रतिभागियों का प्रतिनिधिमण्डल केन्या की राजधानी नेरोबी में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक होने वाले इन्डो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो, 2023 में भाग लेने के लिए सोमवार को रवाना हुआ। एक्सपो का उद्घाटन केन्या के प्रधानमंत्री करेंगे। रफीक खान के साथ सुरेश अग्रवाल फोर्टी के अध्यक्ष भी प्रतिनिधिमण्डल में भाग ले रहे हैं। एक्सपो के दौरान 7 विभिन्न अफ्रीकी देश भाग लेंगे।

### पेंशनर्स की बैठक 5 जुलाई को

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** पेंशनर्स संघ डेगाना की बैठक श्रीपाल चौधरी की अध्यक्षता में 5 जुलाई को 11 बजे पेंशन कार्यलय में होगी। जिसमें विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने के बाद पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान कराने के लिए उचित माध्यम से निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा। आशाराम मुण्डेल, सचिव श्रवणलाल आचार्य ने बताया कि इस बैठक में भाग लेने के लिए आने वाले पेंशनर्स अपनी पत्नियों की जन्म तिथि और पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ता महिलाएं निर्धारित प्रपत्र में भरकर कार्यालय में जमा करवा सकते है।

## ईवीएम और वीवीपैट मतदान मशीन का प्रदर्शन



सीमा सन्देश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए नावां विधानसभा में ईवीएम और वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रत्येक मतदान केंद्र और ग्राम पंचायत पर वोट डालने की प्रक्रिया आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी नावां के निर्देशानुसार मतदाताओं की जागरूकता के लिए ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली से आम नागरिकों एवं नव मतदाताओं को वोट डालने की प्रक्रिया बताने के लिए आगामी 3 जुलाई से 16 अगस्त तक विधानसभा के प्रत्येक बूथ और प्रत्येक ग्राम पंचायतों पर प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है। स्वीप प्रभारी नावां दिनेश सिंह एसीबीईओ कुचामन और स्वीप टीम में दक्ष प्रशिक्षक चंपालाल सोनी, डॉ. ईश्वर राम बेड़ा, मदनलाल, सुभाष चंद और चैनाराम को नियुक्त किया गया है। जो ईवीएम और वीवीपैट का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। ईवीएम की एक टेस्टिंग मशीन द्वारा मतदाताओं को किस प्रकार मशीन से वोट करना है उसकी जानकारी दी जा रही है।

नव मतदाता अपने संबंधित बीएलओ के पास जाकर आवश्यक दस्तावेज के साथ नाम जुड़वा सकता है। नाम में त्रुटि है तो सुधार करवा सकता है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि ईवीएम और वीवीपैट प्रदर्शन के समय ज्यादा से ज्यादा मतदाता प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहे। सोमवार को स्वीप टीम द्वारा सात मतदान केंद्रों जिलिया, उदयपुरा, मंगलपुरा, केरकेड़ी ग्राम पंचायतों पर प्रशिक्षण कार्य किया गया।

## पीवीपैट मशीन द्वारा मतदान का प्रशिक्षण दिया



### नये मतदाताओं को मशीन द्वारा मतदान करना सिखाया

सीमा सन्देश संवाददाता

**जिलिया/कुचामन सिटी।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जिलिया में सोमवार को निर्वाचन विभाग के आदेशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र नावां की ग्राम पंचायत जिलिया में यूथ सं. 01, 02, 03 व 04 पर आम मतदाता को मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए स्वीप प्लान के अनुसार ईवीएम करने के लिए स्वीप प्लान वीवीपैट मशीनों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बीएलओ रामनिवास कड़वा ने बताया कि प्रशिक्षण टीम प्रभारी दिनेश चौधरी ने मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान की महता समझाई। विद्यालय के प्रथम मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं के भी वीवीपैट मशीन का तरीका समझाया।

प्रशिक्षण दल के सदस्य चम्पालाल सोनी व मदनलाल द्वारा मशीनों की जानकारी दी गई। नये मतदाताओं को मशीन द्वारा मतदान करना सिखाया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुकेश दाधीच, बी.एल.ओ. रामनिवास कड़वा, नानूराम रंणवा व बंशीलाल कुमावत, ग्राम पंचायत सरपंच गिरधारी राम बावरी, हनुमान प्रसाद गुर्जर, मदन लाल बारुपाल, अशोक शर्मा, इमामुद्दीन लोहार व कई महिला मतदाता भी उपस्थित रहे।

## स्वीप रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



### जनप्रतिनिधियों को दी वीवीपैट व ईवीएम की जानकारी

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 112, डेगाना में सोमवार को 3 जुलाई को आगामी विधानसभा आम चुनाव के प्रचार-प्रसार एवं ईवीएम/ वीवीपेट के प्रदर्शन, अर्हता दिनांक 1 अक्टूम्बर के लिए पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन के सम्बन्ध में उपखण्ड अधिकारी पंकज गढ़वाल द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक पश्चात जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्वीप रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों को जिला निर्वाचन अधिकारी नागौर के निर्देशानुसार ईवीएम/वीवीपेट के प्रदर्शन एवं चुनाव कार्यक्रम से सम्बन्धित समस्त प्रकार की जानकारी दी गई। बैठक में नगरपालिका के चेयरमैन मदनलाल अटवाल, पार्षद औमप्रकाश कुकणा, महेश दिवाकर, गिरधारीराम मुण्डेल तहसीलदार सज्जनराम, विकास अधिकारी नानगराम सेवदा, सीबीईईओ गोरधनराम डूडी, बीसीएमओ डॉ. रामकिशौर सारण, नायब तहसीलदार उत्तमचन्द जांगिड़ भैरून्दा, प्राचार्य जितेन्द्रसिंह सिसोदिया, प्रधानाचार्य चेनाराम बिन्दा, मीरू चौधरी सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

उक्त बैठक के पश्चात स्वीप रथ द्वारा मतदान केन्द्र ढाढरियां कला एवं निम्बड़ी चान्दावता में ईवीएम/वीवीपेट द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। 4 जुलाई को मतदान केन्द्र बुटाटी व सिंधलास में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## प्रदेश महामंत्री छाबा व देशवाल का किया स्वागत



सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** राजस्थान प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री जगवीर छाबा का प्रथम बार नागौर पहुंचने पर बाडी घाटी थांवला, टेहला व डोडियाना में भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया। भाजपा जिला मंत्री शिव कुमार देशवाल एवं अमरचंद जाजड़ा की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगवीर छाबा का साफा व माला पहनाकर तथा पार्टी का दूपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कैलाश कुमावत, बृजराज सिंह, पूनाराम चोयल, प्रकाश लाडवा, जगदीश प्रजापत, बजरंग वैष्णव, रूपाराम रिणवा, सेठी वैष्णव, लक्ष्मण राव, सांवता राम बैंदा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्युत समस्याओं को लेकर जनसुनवाई आज

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** अजमेर विद्युत वितरण निगम द्वारा डेगाना उपखण्ड कार्यालय में मंगलवार को विद्युत उपभोक्ताओं एवं आम नागरिकों की विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई की जाएगी। सहयक अभियंता ने बताया की यह जनसुनवाई डेगाना कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रबन्ध निदेशक के निर्देशानुसार विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत बिल संबंधी शिकायतों के सामाधान के लिए कार्यालय पर आकर अपनी समस्याओं के बारे में अवगत करवा कर समाधान करवा सकते हैं।

### 9वां नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन सम्पन्न

सीमा संदेश संवाददाता

**परबतसर।** लायन्स क्लब परबतसर ने नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया स्वर्गीय वली मोहम्मद जी छींपा, (चाचा) की स्मृति में इकबाल जनरल स्टोर परबतसर के सौजन्य से 29वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन लायंस क्लब परबतसर के तत्वावधान में किया गया। जिसमें शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम ने 68 मरीजों की जांच की उनमें से 32 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया तथा 59 लोगों को चश्मा वितरण किया गया। इस मौके पर एमजीएफ लॉयन रमेश चंद्र बोहरा, लायन्स क्लब अध्यक्ष इकबाल मोहम्मद छीपा, सचिव छोटूनाथ पंवार, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी, उपाध्यक्ष प्रथम गोरधन लाल जांगिड़, लायन रामेश्वर लाल टाक, लायन अजीज खां परिहार, लायन जीतमल जांगिड़, लायन राजेन्द्र केरापा, रजत नंदवाना, लायन महेश प्रधानाचार्य चुनाराम चौधरी, डीके राठी, नौरतमल सैनी, याकूब खान, सलीम मोहम्मद छीपा, राजेन्द्र कुमार आदि ने सेवाएं दी व मौजूद रहे।

## प्रवेशोत्सव व नामांकन वृद्धि रैली निकाली



सीमा संदेश संवाददाता

**दांतारामगढ़ (सीकर)।** पचार गांव के राजकीय ब्रह्मचारी नेमीचंद गंगवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को उत्कर्ष रिजल्ट पर प्रवेश उत्सव व नामांकन वृद्धि रैली निकाली। इस रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय के अध्यापक गजानंद मीणा ने बताया इस बार बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12वीं व 10वीं का रिजल्ट क्षेत्र में उत्कृष्ट रहा यह जानकारी घर-घर घर पहुंचाने के लिए यह प्रवेश उत्सव व नामांकन वृद्धि रैली गांव में निकाली है। यह रैली विद्यालय के मुख्य प्रांगण से शुरू होकर रैगरों के मोहल्ले से होते हुए महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, कुमावतों का मोहल्ला, मुख्य बस स्टैंड, मुख्य बाजार से होते हुए गौशाला रास्ते से वापस विद्यालय में पहुंची।

इस दौरान उत्कृष्ट रिजल्ट पर ग्रामीणों ने विद्यालय के अध्यापकों का माला पहनाकर स्वागत भी किया। विद्यालय अध्यापकों ने नामांकन वर्दी रैली के तहत घर घर जाकर स्कूल परिणाम के बारे में परिजनों को बताया। इस पर ग्रामीणों ने भी बेहतरीन परिणाम को देखते हुए अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजने की बात कही है। इस दौरान नामांकन रैली में रैली में अध्यापक बंशीधर बलाई, राजकुमार विश्राम,व्याख्याता अर्जुन लाल जाट, मोहन लाल भैड़ा, पूनम कुमारी, वरिष्ठ अध्यापक मदनलाल रणवां, बलदेव सिंह सैनी, जगदीश प्रसाद बाजिया, सरिता महला, अध्यापक कैलाश चंद कुमावत, छोटूराम मील, जगदीश प्रसाद कुमावत, मंजू सोनी, रजनीश यादव, सुभाष चंद कुमावत सहित अनेक अध्यापक, सैकड़ों विद्यार्थी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### पालनहार लाभार्थी संवाद में भोजन के किट वितरण

सीमा सन्देश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** महावीर इंटरनेशनल संस्था कुचामन सिटी के 49 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में साप्ताहिक सेवा कार्यों में सोमवार को तृतीय दिवस पर राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री पालनहार लाभार्थी संवाद मे कुचामन मे अतिरिक्त जिला कलेक्टर कमला अलारिया, एसडीएम मनोज चौधरी, पंचायत समिति विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, समाज कल्याण अधिकारी रजनीश चौधरी, हरीराम विश्नोई नावां के सानिध्य में 70 लाभार्थियों को संस्था की प्रेरणा से गुणमाला देवी कमलकुमार पांड्या के सौजन्य से भोजन के पैकेट वितरण किये गए। संस्था के गवर्निंग काउंसिल मेम्बर सुभाष पहाड़ियां, अध्यक्ष रामावतार गोयल, सचिव अजित पहाड़ियां, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन, अशोक गंगवाल, भानु प्रकाश, आदिच्य तेजकुमार बड़जात्या, जिला डीडवाना कुचामन विभागीय नोडल अधिकारी रजनीश को दिए।

## नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी सहदेव दान चारण का किया स्वागत



सीमा सन्देश संवाददाता

**लोसल।** लोसल नगरपालिका के नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी सहदेव दान चारण का व्यापार मण्डल लोसल द्वारा सोमवार को गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण व साफा बंधन द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष घासीराम भार्गव, उपाध्यक्ष मोहरीलाल यादव, सचिव व वार्डपार्षद रामेश्वर बाजिया हरिपुरा, सुभाष बगड़िया, कैलाश कुमावत, रामनिवास रणवा, भंवरलाल मडीवाल, शिवपाल रणवा, गोपाल कुमावत, सुनील स्वामी, राजेंद्र सिंह, बाबूलाल शर्मा, बाबूलाल सैनी, आरडीएस एनजीओ निदेशक मोहन जाखड़ सहित अनेक गणमान्य व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने ईओ को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अधिशाषी अधिकारी चारण ने कहा कि जल्द ही क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया कल पीह आएंगे

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** राजस्थान विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया बुधवार प्रातः 10.30 बजे ग्राम पीह आएंगे। यहां गौशाला में आयोजित होने वाले भूमि पूजन एवं जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। भाजपा किसान मोर्चा देहात जिलाध्यक्ष अमरचंद जाजड़ा, जिला महामंत्री रामाकिशन खींचड़ ने उनके प्रस्तावित दौरे को तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम में 37 बीघा भूमि गौशाला को समर्पित की जाएगी। इससे पूर्व बाड़ीघाटी से पूनियां को रैली के रूप में सभास्थल लाया जाएगा। रास्ते में पूनियां शहीद स्मारक एवं अम्बेडकर स्मारक पर माल्यार्पण करेंगे।

कार्यक्रम में परबतसर विधानसभा क्षेत्र से करीब 20 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई हैं। समारोह को शक्ति प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है।

POONAWALLA HOUSING FINANCE
Apna Ghar, Apni Pehchan

पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय: 602, छठा तल, ज़ीरो वन आईटी पार्क, एसआर संख्या 79/1, घोरपडी, मुंढवा रोड, पुणे - 411036
शाखा कार्यालय : तीसरा तल बालाजी टावर, गीतांजलि हॉस्पिटल के पास, अग्रसेन सर्कल, अलवर राजस्थान-301001

ई- नीलामी बिक्री सूचना

**सरफेसी अधिनियम के अधीन सुरक्षित अचल आस्ति विक्रय की ई नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा आमजन और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/जमानतदारों को यह सूचित किया जाता है कि मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जिसका नाम अब निगमन प्रमाणपत्र के द्वारा पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ('पीएचएफएल') कर दिया गया है, के पास बंधक निम्नलिखित सम्पत्तियों, जिनका कब्जा सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4)/14 के तहत पीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है; को लागू ब्याज, शुल्क और लागत आदि सहित पीएचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लेखित शर्तों के अनुसार ई-नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। वर्णित संपत्ति प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों के नियम 8 और 9 के तहत 'जैसा है, जहां है, वहां जो कुछ भी है और बिना रिकोर्स आधार' पर बेची जाएगी।

**बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया पीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.poonawallahousing.com में दिए गए लिंक पर जाएं।**

| प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | डिमांड नोटिस तिथि और बकाया राशि (बी) | कब्जे की प्रकृति (सी) | सम्पत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित कीमत (इ) | ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ) | ईएमडी जमा कराने की तिथि (जी) | बोली वृद्धि दर (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई) | नीलामी की तिथि व समय (जे) | ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण सं. HL/0060/H/19/100003AND HL/0060/H/18/100045 मुकेश सिंह चौहान (ऋणधारक) राधा कवर (सह-ऋणधारक) चौहान उद्योग (सह-ऋणधारक) | नोटिस तिथि : 07/10/2022 और 11/10/2022 07/10/2022 के अनुसार देय रु. 329284.46/-(रुपये तीन लाख उन्नतीस हजार दो सौ चौरासी व पैसे छियालीस मात्र) व भुगतान तक ब्याज @16.75% प्रति वर्ष सहित और 11/10/2022 के अनुसार देय रु. 2044206.15/-(रुपये बीस लाख चौमालीस हजार दो सौ छह व पैसे पंद्रह मात्र) व भुगतान तक ब्याज @14.25% प्रति वर्ष सहित | भौतिक | पट्टा संख्या 20, गांव-पेहल, ग्राम पंचायत पेहल, पंचायत समिति मुंडावर, तह.मुंडावर, जिला अलवर की बंधक सम्पत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से। (क्षेत्रफल 122.44 स्कैयर यार्ड्स) | रु. 21,69,562.5/- (रुपये इक्कीस लाख उनहत्तर हजार पांच सौ बासठ व पैसे पांच मात्र) | रु. 2,16,956.25 /- (रुपये दो लाख सौलह हजार नौ सौ छप्पन व पैसे पच्चीस मात्र) | 03-08-2023 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 28-07-2023 (11 एएम 4 पीएम) | 04-08-2023 (11 एएम 2 पीएम) | निल |

**खरीद और बिक्री पर विवरण और पूछताछ के लिए, श्री शादाब अख्तर से +91 9910453434 पर संपर्क करें**

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे PHFL शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और अग्रीम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-बोली के लिए अनिवार्य है। **पता- प्लॉट नंबर-68 तीसरी मंजिल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क व्यक्ति विनोद चौहान, ईमेल आईडी- delhi@c1india.com संपर्क नंबर- 9813887931।** कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को 'पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड', आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है। **खाता संख्या-000651000460 और आईएफएससी कोड- ICIC0000006**, 20, आर.एन. मुखर्जी रोड-कोलकाता-700001 03/08/2023 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **प्राधिकृत अधिकारी, श्री संजय ओझा, पता-8वीं मंजिल, आईबीसी टावर, मालवीय मार्ग, सी-स्कीम जयपुर, राजस्थान -302001** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड प्रति भेजने की आवश्यकता है। **मोबाइल नंबर +917665017573, ई-मेल आईडी sanjay.ojha@poonawallahousing.com**

स्थानः अलवर, राजस्थान
दिनांकः 04.07.2023

प्राधिकृत अधिकारी पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात)